पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, समस्तीपुर।
(रक्षित कार्यालय)

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्त्ती), पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025 के अन्तर्गत अंतिम रूप से सिपाही के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को अपने–अपने आवंटित जिला/इकाई में दिनांक–20.06.2026 से 19.07.2026 तक योगदान करने हेतु संसूचित किया गया है। विदित हो कि पुलिस केन्द्र, समस्तीपुर में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत दिनांक–22.06.2026 को दीक्षान्त परेड निर्धारित है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्त्ती), पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025 के अन्तर्गत समस्तीपुर जिला के लिए सिपाही पद पर चयनित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति/योगदान हेतु अग्रतर कार्रवाई दिनांक–23/06/26 से प्रारंभ होगी तथा अलग से तिथिवार रोलनंबर वाईज अभ्यर्थियों को योगदान देने हेतु पुलिस केन्द्र, समस्तीपुर में उपस्थित होने की सूचना प्रकाशित की जाएगी।

19/06/26
पुलिस अधीक्षक,
समस्तीपुर।

ज्ञापांक–1901/र0का0,

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, समस्तीपुर।
समस्तीपुर, दिनांक–........../......./2026

प्रतिलिपि :–

01. पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केन्द्र, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
02. परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

19/06/26
पुलिस अधीक्षक,
समस्तीपुर।